04 बिना परमिट चलते मिले वाहन तो परिवहन....



07 शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर गुमटी हाथ ठेले पर...





### जिले की चारों जनपद में निर्धारित ग्राम पंचायत में पहुंच रही यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर लगाकर हितग्राहियों को दे रहे योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट पर गांव-गांव पहुंच रही है, जहां शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत आगर की ग्राम पंचायत शिवगढ़ एवं नान्याखेड़ी अहीर पहुंची, गांव में पहुंचने पर यात्रा का ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ईलाज किया गया। ग्रामीण जनों को यात्रा के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





## सुसनेर जनपद के गणेशपुरा और मंगीशपुर पहुंची यात्रा

जनपद पंचायत सुसनेर की ग्राम पंचायत गणेशपुरा एवं मंगीशपुर पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। यात्रा अन्तर्गत गांव में शिविर लगाकर ग्रामीण जनों को अनेक विभागीय योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने शिविर को सम्बोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ईलाज किया गया। साथ ही शिविर में शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता, हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभ के लिए पंजीयन किए गए।

## बड़ौद जनपद अम्बा बदोद और टोकडा पहुंची यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत आम्बा बड़ौद एवं टोकड़ा पहुंची, जहां संकल्प यात्रा के माध्यम से शत प्रतिशत हितग्राहियों तक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता,हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभ हेतु पंजीयन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु पंजीयन किए गए। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देकर नागरिकों से पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान किया।



## आज 8 ग्राम पंचायतों का करेगी भ्रमण


विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसम्बर को आगर-मालवा जिले की 08 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। यात्रा जनपद पंचायत आगर की ग्राम पंचायत बटावद्या एवं चाचाखेड़ी, जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत बिजानगरी एवं कछालिया, जनपद पंचायत सुसनेर की ग्राम पंचायत खैराना एवं खजुरी, जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत कुशलपुरा एवं गोंदलमऊ का भ्रमण करेगी।

# मंदिर के नाम से चल रही आईडी बंद करने आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेडा

मां बगलामुखी मंदिर पर हवन पूजन अनुष्ठान करने वाले पुरोहितों द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के नाम से आईडी, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर आईडी या पेज, वेबसाइट बनाने की शिकायत लगातार मिलने के बाद तहसीलदार एवं पदेन सचिव माँ बगलामुखी मंदिर प्रबन्ध समिति प्रीति भिंसे ने आदेश जारी कर सभी से सोशल मीडिया पर माँ बगलामुखी मंदिर के नाम से चल रही अपनी आईडी हटा लेने के निर्देश दिए हैं। नहीं हटाने की दशा में वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

तहसीलदार एवं सचिव माँ बगलामुखी मंदिर प्रबन्ध समिति प्रीति भिंसे द्वारा सूचना क्रमांक 770-71 दिनांक 28/12/2023 जारी कर समस्त पुरोहितगण जो माँ बगलामुखी मंदिर पर हवन, पूजन, अनुष्ठान आदि का कार्य करते है को निर्देशित किया गया कि पिछले कई दिनों से माँ बगलामुखी मंदिर के नाम से वेबसाइट,आईडी एवं पेज फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर बनाकर दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही है। जबकि माँ बगलामुखी मंदिर शासकीय समिति द्वारा संचालित है।माँ बगलामुखी मंदिर के नाम से कोई भी व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से आईडी अथवा पेज बनाकर उपयोग नही कर सकते हैं।



सूचना में बताया गया कि यदि किसी ने भी माँ बगलामुखी मंदिर या माँ बगलामुखी मंदिर समिति के नाम से पेज या आईडी बना रखी है तो वे तत्काल हटा लें। अपने व्यक्तिगत नाम से आईडी या पेज बनाने के लिए सभी स्वतंत्र है। सूचना के माध्यम से चेतावनी दी गई कि माँ बगलामुखी मंदिर या शासकीय समिति के नाम का दुरुपयोग पाया जाने पर कॉपीराइट एक्ट 1957 एवं इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2020 के अधीन वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# बेसिक रोवर लीडर व बेसिक गाइड कैप्टिन प्रशिक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ आगर मालवा में बेसिक रोवर लीडर एवं बेसिक गाइड केप्टिन प्रशिक्षण शिविर 21 से 27 दिसम्बर तक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। बेसिक रोवर लीडर शिविर के शिविर संचालक अशोक शर्मा, एएलटी रोवर लीडर सहायक के रूप में निर्भय सिंह यादव, एचडब्लूबी प्रहलाद सिंह तोमर, एच डब्लूबी कालू सिंह वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

इस शिविर में 13 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।शिविर के दौरान स्काउटिंग गतिविधियों का संचालन शाला स्तर पर किस प्रकार किया जाना है स्वयं अपना विकास इस क्षेत्र में किस प्रकार किया जाना है इसके अन्तर्गत बीपी 6 व्यायाम, योग, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक चिकित्सा, पद्धति, प्रगतिशील प्रशिक्षण गाइड एवं गाइडर प्रगति शील प्रशिक्षण शिविर रोवर एवं रोवर लीडर, गांठें एवं उनका उपयोग आदि प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन के अवसर पर जिला संघ अध्यक्ष करण सिंह यादव, जिला मुख्य आयुक्त सत्यनारायण शर्मा, संस्था प्रमुख पारसर एवं सुनील के आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर मनोज शर्मा जिला सचिव मनोहर वर्मा, कैलाश पंवार उपस्थित थे।



## 3 अपराधिक प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम की उद्घोषणा

**आगर-मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को जिले के थानों पर पंजीबद्ध अलग-अलग तीन अपराधिक प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ईनाम की उद्घोषणा की है। जारी आदेशानुसार थाना सुसनेर पर दर्ज अपराध प्रकरण 269/23 भारतीय दण्ड विधान की धारा 323, 294, 506, 34, एससीएसटी एक्ट की धारा (1)द, 3(1)ध, 3(2)(वीए) में फरार आरोपी रामप्रसाद पिता अमरसिंह बागरी निवासी फरसपुरा तथा अपराध प्रकरण क्रमांक-307/2023, भारतीय दण्ड विधान की धारा 458, 380 में फरार आरोपी धीरपसिंह पिता सरदारसिंह, उम्मेदसिंह पिता सरदारसिंह निवासी गुनाई थाना डग, रामसिंह पिता रमेशचन्द्र, दुला उर्फ दुलेसिंह पिता हरिराम, प्रकाश पिता मुकेश निवासी डेरा तीतरवासा थाना सदर झालरापाटन की गिरफ्तारी हेतु 2-2 हजार रूपए की ईनाम उद्घोषणा एवं थाना नलखेड़ा अपराध प्रकरण क्रमांक- 326/2023, भारतीय दण्ड विधान की धारा 354, 354(क), 506 में फरार आरोपी महेश पिता नारायण निवासी ग्राम बास्या थाना नलखेड़ा की गिरफ्तारी हेतु 01 हजार रुपए की ईनाम की उद्घोषणा की है। उक्त प्रकरणों में फरार आरोपी के संबंध में जो व्यक्ति, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को सूचना देगा, उसे घोषित ईनाम राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। ईनाम वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का होगा।

## मंत्री गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार गौतम टैटवाल आज जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री टैटवाल, 29 दिसम्बर को अपरान्ह 3:30 बजे नलखेड़ा आएंगे तथा माँ बगलामुखी के दर्शन एवं पूजन करेंगे। इसी दिन मंत्री टैटवाल शाम 5:30 बजे से नलखेड़ा से भैंसवा माताजी के लिए दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दर्शन कर किया हवन अनुष्ठान

# कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह सपत्नीक पहुंचे बगलामुखी माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश की मोहन सरकार में अभी हाल ही में कैबिनेट मंत्री की शपथ ली मंत्री गोविंद सिंह राजपूत बुधवार देर शाम सपत्नीक नलखेड़ा में स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहा उनके द्वारा माता के गर्भगृह में विधि - विधान व मंत्रोचार के साथ माता के दर्शन कर पूजन किया। माता के दर्शन उपरांत मंत्री सिंह मंदिर के समीप स्थित आश्रम पहुंचे जहा उनके द्वारा स्वामी सांदीपेंद्र जी गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया व विशेष हवन अनुष्ठान किया।



मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार में राजस्व व परिवहन मंत्री रहे और वर्तमान की मोहन यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले गोविंद सिंह राजपूत सपत्नीक बुधवार रात आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पांडव कालीन प्रसिद्ध मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे, यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री राजपूत का स्वागत किया। मंदिर पंहुचे मंत्री राजपूत और उनकी पत्नी द्वारा मां बगलामुखी के दर्शन पूजन किए गए। इसके बाद मंदिर के समीप स्थित सांदीपनि आश्रम में विशेष हवन अनुष्ठान किया।

# कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान पहुंचे नलखेड़ा

**नलखेड़ा।** प्रदेश की नवगठित मोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री बने नागरसिंह चौहान गुरुवार को नलखेड़ा पहुंचे। जहां उनके द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन पूजन कर विशेष हवन - अनुष्ठान किया गया। नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया गया। अलीराजपुर से विधायक और मध्यप्रदेश सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान सपत्नीक गुरुवार को कार द्वारा नलखेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचकर सपत्नीक माता रानी के दर्शन कर पूजन किया तथा मंदिर परिसर में यज्ञशाला में बैठकर विशेष हवन- अनुष्ठान भी किया। तत्पश्चात मंत्री चौहान मंदिर समीप स्थित गुरुदेव स्वामी सांदीपेंद्रजी महाराज के आश्रम पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया।



# पालक शिक्षक सम्मेलन का किया आयोजन





**नलखेड़ा।** शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में गुरुवार को पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। सम्मेलन में परीक्षा परिणाम एवं उसके महत्व पर महेश पाटीदार द्वारा अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया। भागीरथ मालवीय द्वारा अभिभावकों को उनके कर्तव्य और जिम्मेदारियां से अवगत कराया गया। अभिभावकों से विधार्थी के शिक्षण कार्य संबंधी समस्याओ पर चर्चा की गई एवं परीक्षा परिणाम बताया गया। वल्लभ पाटीदार द्वारा विद्यालय की समस्त गतिविधियों से पालको को अवगत करवाया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार अजय सोगानी द्वारा व्यक्त किया गया।

### एक लाख दर्शनार्थियों के आने की संभावना, प्रशासन को जुटाना होंगी व्यवस्थाएं

# मां बगलामुखी मंदिर पर नववर्ष पर आसानी से हों दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर अंग्रेजी नववर्ष पर एक लाख से अधिक भक्तों के आने की संभावना है। जिन्हें सुगमता से दर्शन लाभ मिल सके इसके लिए प्रशासन एवं मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं जुटाने की आवश्यकता है। अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली माँ बगलामुखी के दरबार में आगामी सोमवार को अंग्रेजी नववर्ष पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने की संभावनाओं के चलते प्रशासन को अभी से व्यवस्थाओं में जुटने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में हर व्यक्ति अपने नववर्ष की शुरुआत देव दर्शन के साथ करना चाहता है।

इसमें भी संबंधित व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार उस मंदिर में पहुंचकर दर्शन लाभ करते हैं। विगत कई वर्षों से नववर्ष के मौके पर मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। जिसे देखते हुए अनुमान है कि इस वर्ष दर्शनार्थियों की संख्या का आंकड़ा एक लाख के पार जा सकता है। इतनी बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने के अनुमान के चलते मंदिर प्रबंध समिति व प्रशासन को उन्हें आसानी से दर्शन लाभ वह भी कम से कम समय मे प्राप्त हो सके इस प्रकार की व्यवस्था करना चाहिए।

## पार्किंग की हो व्यवस्था

सिद्धपीठ पर सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की आती है। अमूमन प्रति रविवार जब लगभग 25 हजार दर्शनार्थी सिद्धपीठ पर पहुंचते है तब ही मंदिर मार्ग पर कही भी वाहन खड़े कर देने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसके लिए प्रबंध समिति व प्रशासन द्वारा नवरात्रि पर्व की तरह ईदगाह के सामने पार्किंग स्थल बनाकर माँ बगलामुखी चौराहे से मंदिर की ओर चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध किया जाना चाहिए। भंडारा परिसर के सामने स्थित मैदान पर दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनाया जा सकता है।



## बेरिकेटिंग की जाना आवश्यक

भक्तों की कतार लगाने के लिए मंदिर के बाहर स्थित डोम में अस्थाई रूप से बेरिकेटिंग की जाना चाहिए जिससे दर्शनार्थियों की कतार में धक्का - मुक्की भी नही हो और भीड़ नियंत्रण भी किया जा सके। प्रबंध समिति को दिव्यांगजनो एवं बुजुर्गों के दर्शन की व्यवस्था अलग से की जाना चाहिए जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। नववर्ष पर आने वाले दर्शनार्थियों में से कई भक्तों द्वारा सिद्धपीठ पर हवन - अनुष्ठान भी किए जाएंगे। इसके लिए नवरात्रि की तरह की व्यवथा प्रबंध समिति को की जाना चाहिए।

## वीआईपी दर्शन व्यवस्था नहीं हो

दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुवे नववर्ष पर वीआईपी दर्शन व्यवस्था बंद रहना चाहिए क्योंकि इस व्यवस्था के कारण कई प्रकार की परेशानियां पैदा होती है वही ड्यूटीरत कर्मचारियों को भी व्यवस्था बनाये रखने में दिक्कत आती है। देखने में आता है कि किसी भी मंत्री, नेता, अधिकारी अथवा अन्य वीआईपी के रिश्तेदार, परिचित यहां तक कि उनके कर्मचारी भी वीआईपी बनकर पहुंचते है जिन्हें स्थानीय प्रशासन को वीआईपी ट्रीटमेंट के साथ ही वीआईपी की तरह दर्शन करवाना पड़ते हैं। ऐसे में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रबंध समिति द्वारा नववर्ष के पूर्व ही इस प्रकार का निर्णय कर सभी को अवगत करवा देना चाहिए कि नववर्ष पर वीआईपी दर्शन व्यवस्था नहीं रहेगी।

## सुरक्षा व्यवस्था हो पुख्ता

इतनी बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के आने की संभावना को देखते हुवे प्रशासन द्वारा मंदिर, मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त मंदिर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के साथ ही आवश्यकता होने पर अन्य स्थानों पर तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगवा कर दर्शनार्थियों की सुरक्षा पर तीसरी आंख की निगरानी की जा सकती है।

## पूछताछ केंद्र और सहायता केंद्र की हो व्यवस्था

मंदिर परिसर में एक पूछताछ केंद्र व सहायता केंद्र की स्थापना होना भी आवश्यक हो गया है। जहाँ देश के विभिन्न स्थानों से आने वाले दर्शनार्थी मंदिर की विभिन्न व्यवस्थाओं, हवन अनुष्ठान, ठहरने,भोजन, क्षेत्र के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों आदि की जानकारी प्राप्त कर सके। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या आने पर इस केंद्र पर पहुंचकर सहायता प्राप्त कर सके। अब चूंकि नववर्ष में मात्र दो दिनों का समय शेष रहा है जिसमे इस वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसम्बर को रविवार होगा। इस दिन भी बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन व मंदिर प्रबंध समिति को तत्काल व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की आवश्यकता है।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने आरोपियों को किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 07 आरोपियों को जिलाबदर किया है। जिसमें बादशाह पिता जहीर खान उम्र 28 साल निवासी जबरन कॉलोनी देवास, सुनील बघेल उर्फ सुनील चायपत्ति पिता रमेश बघेल उम्र 40 साल निवासी त्रिलोकनगर ईटावा देवास, सुधीर पिता राजमल कुमावत उम्र 49 साल निवासी सिया थाना बीएनपी देवास, राहुल पंवार पिता गजराजसिंह पंवार उम्र 26 साल निवासी रालामण्डल, विजय पिता गोवर्धन उम्र 25 साल निवासी मनासा थाना हाटपीपल्या, अर्जुन पिता विक्रम गुर्जर उम्र 32 साल निवासी सिखेडी थाना भौंरासा को एक-एक साल एवं सवाईसिंह पिता रामचन्द्र प्रजापत उम्र 35 साल निवासी पीर पाड़ल्या थाना पीपलरांवा को छः माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर गुप्ता ने आदेश दिया है कि यह सभी आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## योजनाओं को लेकर आयुक्त ने ली बैठक

**देवास।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को 10 एवं 20 तथा 50 हजार का स्वरोजगार हेतु निगम द्वारा दिए जाने वाले पी.एम.स्वनिधि योजना से पात्र हितग्राहियों को ऋण का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है। लक्ष्य पूर्ति हेतु आयुक्त ने एल.डी.एम. अहसन अहमद के साथ देवास के सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ उक्त योजना का शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को मिले। इसी उद्देश्य के साथ निगम बैठाखाल में बैठक आहूत की गई। शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य पूर्ति के लिये बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए। एल.डी.एम.अहसन अहमद ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी तथा लक्ष्य पूर्ति के लिये पात्र हितग्राहियों के ऋणों को स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देश दिये।

### गुना हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

# बिना परमिट चलते मिले वाहन तो परिवहन विभाग के अधिकारियों की होगी जिम्मेदारी

जिले में परिवहन विभाग के दल ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 17 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला। मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा मानाकों को दर किनार कर चल रहे सवारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं।

परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि गुना हादसे के लिए दोषी आरटीओ गुना और सीएमओ गुना को निलंबित किया गया है। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध न कराए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा।

यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से सख्त कार्रवाई करेगी। जिले में परिवहन विभाग के दल ने विशेष चैकिंग अभियान जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के मक्सी बायपास मार्ग पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी देवास जया वसावा ने बताया कि दल द्वारा मार्ग पर सघन जाँच की जाकर लगभग 37 यात्री बसों को चैक किया गया। जिसमें दो यात्री बसो को बिना परमिट संचालन के अपराध में जप्त किया जाकर अभिरक्षा में रखा गया है। शेष अन्य वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर बालानी कार्यवाही की जाकर 17 हजार रूपये शमन शुल्क वसूला गया है। देवास जिले में यात्री वाहनों का चैकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा।






# एलपीजी गैस का दुरुपयोग रोकने जांच दल गठित

## पांच दिन का चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में मानव जीवन सुरक्षा की दृष्टि से घरेलू गैस सिलेण्डरों के अवैध रिफिलिंग केन्द्रों, वाहनों एवं व्यवयायिक संस्थानों में घरेलू गैस सिलेण्डर के अवैध उपयोग, व्यपवर्तन रिफिलिंग को रोकने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अनुभाग स्तर पर जांच दल का गठन किया है। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिये है कि जांच दल आगामी 05 दिवस तक विशेष अभियान चलाऐंगे और अभियान अंतर्गत एलपीजी गैस के अवैध भण्डारण, अंतरण, परिवहन एवं दुरुपयोग करने वाले प्रतिष्ठान/व्यक्तियों की जांच कर ऐसे प्रतिष्ठान तत्काल बंद करायेंगे। जांच दल पुलिस बल के साथ जांच करेंगे। देवास अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी देवास बिहारी सिंह को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार देवास नगरीय सपना शर्मा, तहसीलदार देवास ग्रामीण विजय तलवारे, जेएसओ भानसिंह राय तथा संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। सोनकच्छ अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ संदीप शिवा को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार सोनकच्छ अंजली गुप्ता, जेएसओ धर्मेन्द्र वर्मा एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। टोंकखुर्द अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार टोंकखुर्द गौरव निरंकारी, जेएसओ धर्मेन्द्र वर्मा, एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। बागली अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी बागली आनंद मालवीय को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार बागली पीहू कुरील, तहसीलदार हाटपिपल्या संगीता गोलिया, तहसीलदार उदयनगर अरविंद दिवाकर, जेएसओ अभिषेक मोर एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। कन्नौद अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद अभिषेक सिंह को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार कन्नौद रवि शर्मा, तहसीलदार सतवास हरिओम ठाकुर, जेएसओ धर्मेन्द्र शर्मा एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है। खातेगांव अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी खातेगांव प्रवीण प्रजापति को प्रभारी अधिकारी बनाया है तथा तहसीलदार खातेगांव मनीष कुमार जैन, धर्मेन्द्र शर्मा एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दल में शामिल किया गया है।

## मां भगवती की साधना हमारे जीवन को ऊर्जा देती हैं: पं. महेश गुरूजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सात दिवसीय देवी भागवत कथा का आयोजन दर्जी समाज धर्मशाला मोती बंगला में चल रहा है। कथा के छठवें दिवस पं. महेश गुरू जी ने कहा कि माँ सर्वशक्तिमान है। उन्होंने अपने अनेक अवतारों में दुराचारी राक्षसों का अंत कर सृष्टि की रक्षा की।

जगदम्बा की आराधना करने से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जो मनुष्य की आराधना करता है वह सुख शांति समृधि प्राप्त करता है। संसार मे वह दिग्विजय होता उसका नकारात्मक शक्तियां कुछ नही बिगाड़ सकती है। व्यासपीठ की आरती पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, डॉ. एम एम अग्रवाल, मनीष पारीक सहित वरिष्ठजनों ने की। महाराज श्री ने आगे कहा कि मां भगवती का स्वरूप अष्ट भुजाओं पर केन्द्रित है, जिसमें समस्त देवी देवताओं की शक्ति का स्वरूप है। देवी की साधना करने से मनुष्य को अपने जीवन की सभी खुशियां वापस मिलती है तथा मनुष्य ऊर्जावान होकर जीवन में संचार करता है। उन्होंने शुम्भ-निशुम्भ की कथा का वर्णन किया। इसके अलावा माता कात्यायनी के रूप में शिव द्वारा इंद्र के राजसिंहासन को वापस लौटाने की कथा का भी वर्णन किया। उन्होंने असुरों के युद्ध के दौरान मां देवी भगवती के विराट तथा सुन्दर रूप का वर्णन करते हुए मनुष्य को संयम, संकोच, धार्मिक, आचरण, बोध, ज्ञानवान, करुणा भाव तथा मैत्री गुणों को धारण करने की शिक्षा दीक्षा दी।

## अभिभावक के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का मनाया गया जन्मदिवस



**देवास।** मल्हार कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र 42/3 सेक्टर बालगढ़ परियोजना देवास दक्षिण अंतर्गत स्थानीय निवासी सिमरन मनीष अड़ाव द्वारा अपनी बेटी यशस्वी का जन्मदिन मनाया गया। उनके द्वारा केक,टॉफी एवं गिफ्ट बच्चों को दिए गए। इस अवसर पर फातिमा सोहेब,साहिन शेख एवं शिव्यांशी, पंकज, अनीता सिसोदिया का भी जन्मदिन जन सहयोग से मनाया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या मे स्थानीय महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर लाडली लक्ष्मी प्रमाणपत्र भी बालिकाओं को वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय पर्यवेक्षक वंदना खरे उपस्थित थी। कार्यक्रम का आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा चौहान एवं सहायिका हेमलता जाटव द्वारा किया गया।

# दर्दनाक सड़क हादसा: ट्रक की चपेट में आने से करनावद निवासी सब्जी व्यापारी की हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर अंधगति से दौड़ने वाले लोडिंग आए दिन मौत का काल बन रहे है। इन वाहनों के कारण छोटे वाहन चालकों को कई बार अपनी जान तक गंवाना पड़ रही है। एक बार फिर करनावद निवासी एक व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार करनावद निवासी लखन पिता हुकमचंद प्रजापत गांव में बाइक से सब्जी बेचने का काम करता था। उसी के चलते गुरुवार कि सुबह करनावद से प्रतिदिन की तरह डबलचौकी की तरफ बाइक से सब्जी बेचने जा रहा था।

इसी दौरान पुलिस चौकी डबलचौकी क्षेत्र अंतर्गत सड़क पर अंधगती से दौड़ने वाले ट्रक (टैंकर) क्रमांक एमपी 09,जी एफ 3990 की चपेट में आ गया। जिनकी हादसे में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित पुलिस मौके पर पहुंची और मौका पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए इंदौर भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम पर जांच शुरू कर दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या




विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया। नगर परिषद द्वारा आयोजित आयोजन में जिला नोडल अधिकारी नीरज सक्सेना, बी आर सी कयुम खान, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह, महिला बाल विकास सेक्टर प्रभारी सरिता जोशी एवं एच पी गैस संचालक अजय जोशी की मौजूदगी में आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता राठौर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण के पश्चात केंद्र सरकार द्वारा जनहित में जारी योजनाएं एवं विकास कार्यों के बारे में बताया गया। साथ ही क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एचपी गैस संचालक द्वारा 11 गेस सिलेंडर के कनेक्शन उज्ज्वला योजना अंतर्गत वितरित किए गए। महिला बाल विकास विभाग द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पत्र 15 बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह उदावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया, पार्षद मदन बुंदेला, संदीप मालवीय, राज किशोर जायसवाल, भुजराम जाट, विजेंद्र पटेल आदि मौजूद थे। संचालन पार्षद दीपक धोसरिया ने किया। आभार मुख्य नगर परिषद अधिकारी बलराम भुरे ने माना। इस अवसर पर नगर परिषद की आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता सहायिका एवं नगर के हितग्राही मौजूद थे।

### बागली नगर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सरकार के सहयोग से हो रहे हैं लगातार विकास कार्य: यादव







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार के दिन नगर परिषद बागली पहुंची। जहां पर बागली नगर के गांधी चौक पर सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधायक मुरली भंवरा, नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवारे ,अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, सांसद प्रतिनिधि कमल जायसवाल की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव द्वारा स्वागत भाषण दिए गए। यादव ने बताया की बागली नगर में भाजपा सरकार के सहयोग से नगर में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा बागली नगर परिषद को कई बड़ी सौगातें दी गई है। इस दौरान विधायक मुरली भंवरा ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा भी क्षेत्र का विकास लगातार किया जाएगा और पूरा प्रयास किया जाएगा की सरकार कि हर महत्वपूर्ण योजना हर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।

आयोजित हुए कार्यक्रम में विभागों के स्टाल भी लगाए गए जहां पर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए खेतों में दवाई का छिड़काव करने के लिए ड्रोन मशीन का डेमो भी दिखाया गया और उसके बारे में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान नप सीएमओ महेश कुमार शर्मा,सांसद प्रतिनिधिकिशोर गुजराती,मुकेश गुप्ता, शारदा बोथरा, मनीषा खैरवाल, आरवा बोहरा, पवन राठौर, मोहन मानधनिया, भगवान सिह कासलीवाल, गोविंद बैरागी, गोविंद यादव ,मुकेश गोस्वामी,चंदन नटेरिया, अनारसिंह सेंधव, शंकर भंवरा, मुकेश चौबे, जमिल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश तंवर ने किया एवं आभार अशोक पाटीदार ने माना।

# पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



उदय नगर -ग्राम झुलागढ़ में पति-पत्नी के रिश्तों को तार तार करता हुआ मामला सामने आया हैं। मामला बुधवार शाम 6 बजे का है। फरियादी बहू द्वारा की गई की रिपोर्ट अनुसार उसकी 45 वर्षीय सास मीराबाई घर आंगन में बालोर तोड़ रही थी। तभी फरियादी बहू को सास के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। वह जब घटनास्थल पर पहुंची तो सास मीराबाई खून से लथपथ थी। और ससुर सोमा सिंह जाति बरेला के हाथ में कुल्हाड़ी थी। आसपास से कहीं रिश्तेदारी भी घटनास्थल पर आ गए। फरियादी बहु चेनाबाई ने उदय नगर थाने पर आकर यह जानकारी थाना प्रभारी बी डी वीरा को दी। थाना प्रभारी ने प्रथम दृष्टया हत्या के तहत धारा 302 का मुकदमा दर्ज कर विवेचना जारी कर दी है। साथ ही बताया कि आरोपी को कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

**इको फ्रेंडली थैला कैंपिन के अभियान का समापन:** देवास। श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के इको क्लब द्वारा, पर्यवरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत राजोदा में प्रियंका सूर्यवंशी के द्वारा जागरूक कर इको फ्रेंडली थैला अभियान का समापन किया गया। महाविद्यालय के इको क्लब प्रभारी प्रो जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कपड़े का थैला, इको फ्रेंडली थैला कैंपिन 17 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। इसके अंतर्गत ग्राम भौरासा, खटांबा, राजोदा, महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान के साथ देवास शहर में इसके लिए लोगो को जागरूक किया। इस कैंपिन का उद्देश्य लोगो में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक करना था।

## खबर संक्षेप

### युवा व्यवसायी वीरेंद्र राठौर का किया स्वागत



**आष्टा।** नगर के युवा व्यवसायी समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मा वैष्णोदेवी की पदयात्रा के लिए रवाना हुवे, जहाँ उनका गंज चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद तारा कटारिया, रविवार शर्मा, नगरपुरोहित पंडित मनीष पाठक, डॉ. दीपेश पाठक, सुमित मेहता आदि द्वारा वीरेंद्र राठौर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर मा वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा की मंगल शुभकामनायें दी।

### विकासखंड में संपन्न हुई बीपीएमयू की बैठक



**आष्टा।** नीति आयोग नई दिल्ली एवं स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के तहत कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र में विकास विकासखंड स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें विकासखंड के समस्त बीएसी व सीएसी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड स्त्रोत समन्वय तरुण कुमार बैरागी द्वारा की गई। हर बच्चा निपुण अभियान के अंतर्गत सहायक सीढ़ी की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में निपुण प्रोफेशनल जिला प्रमुख श्री विवेक कुमार ने हर बच्चा निपुण हो निपुण विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्त करने के सूचक बताए गए इसके लिए कक्षा 2 के 80 प्रतिशत बच्चे 35 शब्द प्रति मिनट पड़ सके, 80% बच्चे 1 से 99 तक की संख्या क्रम व बिना क्रम अनुसार पहचान सके, एक से नौ तक का अंकिय जोड़ घटाव सही से हल कर सके इसके अलावा निपुण भारत के तहत जनवरी 2024 के अंत तक निपुण लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर रणनीति पर चर्चा की। ग्राउंड स्तर की समस्याओं से जनशिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में अनिल श्रीवास्तव सह समन्वय नवभारत साक्षरता मिशन, मनोज विश्वकर्मा बीएसी, फूलचंद सांकले बीएसी, राजेश कुमार ऑपरेटर, सुरेंद्र मेवाड़ा ने सहभागीता की मिशन अंकुर से सभाजीत पटेल, अंकिता भुजबल द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

### चारु नृत्य भूमि कत्थक कला केंद्र की बच्चियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तत्वाधान में, सीहोर जिले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान तथा ग्राम धामंदा में पधारे प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल के समक्ष चारु नृत्य भूमि कत्थक कला केंद्र की संचालिका चारु लता चौरे के मार्गदर्शन में संस्था की आंचल चौरे, सिद्धि माहेश्वरी, रश्मि ठाकुर, स्वस्तिका राठौर, अरना चौरसिया, उर्वी गर्ग, तनिष्का बकोरिया तथा भावना यादव ने स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया।

### सीएम के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं, अधिकारी भूले सीएम के आदेश

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर गुमटी हाथ ठेले पर खुले में लग रही मीट की दुकानें

दुकान के बाहर जानवर तो कुछ जगह खुले में बिक रहा मटन-चिकन। शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास लग रही दुकाने।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र में सत्ता वापसी के साथ नए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बेशक पहला आदेश खुले में मांस-मछली के कटने और बिकने पर पाबंदी को लेकर लिया हो, लेकिन इस आदेश का पालन कराने के लिए पहले दिन ही अधिकारी-कर्मचारियों की टीम सख्त तेवर और लाव-लश्कर लेकर मैदान में उतरी थी। उसके बाद यह कार्रवाई सुस्त हो गई है।इस अभियान के लिए बनाई गई टीमें सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए कुछ वक्त को बाजार में पहुंचती हैं और बाकी समय मीट विक्रेता अपनी मनमानी करते हैं। नगर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर स्थिति जानी तो सामने आया कि मॉनिटरिंग का अभाव हर जगह है। कई जगह खुले में मांस पकाकर बेचा भी जा रहा।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके गुमटी व हाथ ठेले पर अंडे व मांस मटन बेचा जा रहा है। राज्य शासन ने 15 दिसंबर से ही ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश के लिए लाउडस्पीकर, डीजे को लेकर भी आदेश जारी किए थे। जिसके अनुसार कहीं भी लाउडस्पीकर व डीजे का उपयोग बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। इस कार्रवाई के लिए एसडीएम की मॉनिटरिंग में थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया है, लेकिन अब तक यह टीमें कहीं भी कार्रवाई के लिए नहीं निकली हैं। जबकि टीमों को सभी धर्म स्थल, मैरिज गार्डन, बारात घर समेत अन्य स्थानों पर जांच एवं कार्रवाई करनी थी। मांस, मछली के अभियान को लीड करने का जिम्मा संभाल रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना नगर में कार्रवाई के लिए तो निकले ही नहीं है। साथ ही कार्रवाई में ढिलाई को लेकर बात करने के लिए भी तैयार नहीं हो रहे। दो दिन में कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी नगर के कन्नौद रोड शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास में, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने खुले में बाहर रखे जानवरों के पिंजरे और मांस काटने की स्लॉट एवं अंडे। कन्नौद रोड शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास लगी मीट की गुमटी और इस मार्ग पर कन्नौद खातेगांव रोड पर डेढ़ दर्जन गुमटीनुमा दुकानें फुटपाथ पर हैं। शासन की सख्ती के बाद यहां हरे रंग का पर्दा सामने से डाला तो है, लेकिन उससे दुकानें ठीक तरीके से कवर नहीं हुई। ये पर्दे सिर्फ खानापूर्ति के लिए लगाए गए हैं। यहां आने-जाने वाले लोगों को दोनों साइड से मुर्गे, मछली और कटता हुआ मांस सब दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद भी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सड़क किनारे रोजाना मीट और अंडे की दुकानें लग रही हैं। खास बात यह है कि इस बात की जानकारी नगरपालिका परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बाद भी उनकी तरफ से ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 7 दिसंबर को आदेश जारी करते हुए कहा था कि अब प्रदेशभर में मीट और अंडे की दुकानें खुले में नहीं लगेंगी। सीएम को आदेश दिए हुए 16 दिन गुजर चुके हैं। रोड किनारे खुले में मीट और अंडे की दुकानें रोजाना लग रही हैं। अधिकारी इन दुकानदारों पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

# हमारा उद्देश्य भारत को विश्व में अग्रणी बनाना है: गोपाल सिंह इंजीनियर

### निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा



**आष्टा।** भारत विकसित यात्रा के तहत ग्रामीणों को योजनाओं का दिया लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं के लाभों की जानकारी और लाभान्वित हो रहे पात्र हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हे सम्मानित किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति किसी ना किसी रूप से लाभान्वित हो रहे हैं भारत का भविष्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है किसानो की सम्मान निधि हो या गरीबों के कच्चे से पक्के मकान निर्माण देश की सुरक्षा की बात हो या देश विदेश की रणनीति सभी पर भारत के निर्णायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बा खूबी निभा रहे हैं राज्य सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना जीवन से मृत्यु तक सारी व्यवस्था राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में शामिल हैं विकसित भारत संकल्प यात्रा के इसी क्रम ग्राम पंचायत टिगरिया, मुंडला मोहबा, अरनिया गाजी आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण ग्राम वासी युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

# अस्थाई नाला बनाकर पार्वती नदी में मिलने वाले अलीपुर क्षेत्र के गंदे पानी की निकासी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की वर्षो पुरानी समस्या का निराकरण आज अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पार्षद एवं नगरपालिका अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। अलीपुर क्षैत्र का गंदा पानी जीवन दायिनी पार्वती नदी में मिलने की सूचना अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा के संज्ञान में आने पर त्वरित नगरपालिका के तकनीकी अधिकारी एवं जलशाखा से संबंधित कर्मचारियों को साथ लेकर पार्वती नदी तट स्थित पहुंचे जहां जेसीबी के माध्यम से नदी में एक ओर जल भराव कम होने पर एक शटर निकाली गई और जेसीबी से नाला बनाया गया। अब अलीपुर क्षैत्र से आने वाला गंदा पानी नही में समाहित न होकर अलग रास्ते से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि विगत दिनों अलीपुर क्षैत्र का गंदा पानी पार्वती नदी में मिलने की सूचना मिली थी जिसका आज अधिकारियों एवं पार्षदों की मौजूदगी में समस्या का मौके पर मौजूद रहकर निदान किया गया। जेसीबी से बड़ा नाला बनाया गया अब अलीपुर का गंदा पानी बनाए गए नाले से अपने गंतव्य की ओर सुरक्षित स्थान पर जा सकेगा। साथ ही नगरपालिका के जलशाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया अब निरंतर होनी चाहिए, अगर नाला पुराया जाता है तो फिर से नाला बनाकर नदी में मिलने वाले गंदे पानी की रोकथाम होनी चाहिए। श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि वर्तमान में अस्थाई रूप से गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की गई है, भविष्य में इसे योजनाबद्ध तरीके से पक्का कर पूर्ण तरीके से गंदे पानी को नदी के पेयजल में मिलने से रोका जाएगा। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, शाहरूख कुरैशी, कृष्णपाल मेवाड़ा, पूरण मेवाड़ा, याशिका मेवाड़ा कैलाश बागवान, फूलसिंह मालवीय, गबू प्रजापति आदि मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात



**आष्टा।** पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री मंडल में शिक्षा मंत्री रह चुके शुजालपुर के विधायक इंदर सिंह परमार पुनः डॉक्टर मोहन यादव के मंत्रीमंडल में जगह बनाने में कामयाब रहे। बीते दिनो हुए मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शुजालपुर के विधायक इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के रुप में शपथ ली। इस दौरान मंत्री इंदर सिंह परमार के समर्थको और समाजजनों में हर्ष का माहौल बना हुआ हैइसी कड़ी में आष्टा किलेरामा पंचायत के सरपंच राकेश परमार अपने मित्रो संग मंत्री इंदर सिंह परमार को बधाई देने उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुंचे। जहा सरपंच राकेश परमार ने मंत्री इंदर सिंह परमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# नगर पालिका सीएमओ ने सफाई अमले को बैठक में सफाई को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की सफाई व्यवस्था को चाक-चैबंद करने के उद्देश्य से नपा सभाकक्ष में नपा सीएमओ राजेश सक्सेना ने सफाई अमले की एक आवश्यक बैठक आहूत की। जिसमें सीएमओ ने नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता निरीक्षक व संबंधित वार्ड के जमादारों को निर्देशित कर कहा कि देखने में आ रहा है सफाई मित्र पूरी लगन व ईमानदारी से सफाई कार्य नही कर रहे है, अनेकों वार्डो से नागरिकों द्वारा सफाई कार्य की शिकायते दूरभाष पर आती रहती है। आप अपने हल्के की सफाई स्वयं की निगरानी में कराना सुनिश्चित करें, ताकि नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित बनी रहे। ऐसा कोई सफाई मित्र जो आपके कहने पर आनाकानी करता हो उसका प्रतिवेदन बनाकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, नियमानुसार ऐसे सफाई मित्र पर कार्यवाही की जाएगी। सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर क्षम्य नही होगी। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, सफाई दरोगा अमरदीप सांगते, एवं राजेश सफाई जमादार मनोज, जितेंद्र, पप्पू विनोद रतिराम, सुनील सांगते आदि मौजूद थे।

# महाविद्यालय में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा पुष्पलता मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कौशल और कार्य के ज्ञान में सुधार होता है और क्षमताओं मैं आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे आप विधार्थी स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है। इस प्रकार का प्रशिक्षण विधार्थियो को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे विधार्थियो को स्वरोजगार पाकर अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिलेगा और काफी हद तक विधार्थी आत्मनिर्भर होंगी। प्रशिक्षण का प्रारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गयाट्रेंनिंग प्लेसमेंट अधिकारी डा दीपेश पाठक ने सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शुभकामनाएं प्रेषित की।

दिया जा रहा यह प्रशिक्षण गंगा दास स्मृति शिक्षा एवं समाजसेवा समिति के माध्यम से वंदना भारद्वाज द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में नफीस अहमद, डॉ कृपाल विश्वकर्मा, डॉक्टर सबीहा अख्तर, डॉ कुमकुम अग्रवाल डॉक्टर रचना श्रीवास्तव, डॉ ललिता राय श्रीवास्तव, डा अर्चना बूड़ेकर, मुकेश परमार जगदीश नागले, विनोद पाटीदार वसीम खान, जितेंद्र विश्वकर्मा, वैभव सुराणा,कुलदीप जाटव आदि शिक्षक व विधार्थी उपस्थित थे।संचालन डा दीपेश पाठक,तथा आभार वैभव सुराणा ने व्यक्त किया।

### महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि में मनाया वीर बाल दिवस

**देवास।** महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एमआयटी के पूर्व प्रोफेसर तथा स्किल इंडिया के प्रशिक्षक सन्मीत खनूजा थे। आपने बताया कि गुरू गोविंदसिंह सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरू थे। गुरू तेग बहादुरसिंह के बलिदान के उपरांत 11 नवम्बर सन 1675 को 10 वें गुरू बने । सन 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंनें सालसा पंथ की स्थापना की, जो सिक्खों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इनका वास्तविक नाम गोविंदराय था। इनके पिता गुरू तेग बहादुर और माता गुजरी देवी थी। उन्होंने अन्याय अत्याचार ओर पापों को खत्म करने के लिए ओर धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ चौदह युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का बलिदान दिया। जिसके लिए उन्हें सरबसदानी (पूरे परिवार का दानी) भी कहा जाता है।

# हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए प्रत्येक माह गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही की महिलाओं की जांच कर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं की जांच प्रत्येक शिविर में सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान जागरूकता एवं जांच शिविरों में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी भी दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं और प्रसवोत्तर महिलाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को देखते हुए स्वास्थ्य परामर्श एवं स्क्रीनिंग की शुरुआत की गई है। गर्भावस्था एवं प्रसव पश्चात महिलाएं डिप्रेशन, चिंता और अन्य मानसिक समस्याओं से ग्रसित हो सकती हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस पहल का उद्देश्य महिलाओं एवं परिजनों को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत उच्च जोखिम के लक्षणों वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, परामर्श, उपचार, पैथोलॉजी जांच, सोनोग्राफी जांच की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, ए एन एम द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श एवं जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में लाया जाता है। जहां पर चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की पहचान कर सलाह एवं दवाइयां दी जाती हैं। गर्भावस्था में एनीमिया, गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप, गर्भावस्था जनित डायबिटिज़, पूर्व में ऑपरेशन द्वारा प्रसव इत्यादि लक्षण होने पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी के रूप में चिन्हित किया जाता है।

इन महिलाओं को विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं परामर्श की सेवाए प्रदान की जाती है। चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाईटिस, ओरल ग्लूकोज़ टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की जाती है। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार सोनोग्राफी एवं थायराईड की जांच भी की जाती है। मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए, उच्च जोखिम की गर्भवती महिलाओं का सही समय पर चिन्हांकन किया जाना बेहद आवश्यक है। जिससे इन गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। हाईरिस्क महिलाओं की न्यूनतम 4 जांचों के साथ 3 अतिरिक्त जांचे भी की जाती हैं। जिनमें से न्यूनतम एक जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है।

### सिविल अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस

# ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश अनुसार सिविल अस्पताल आष्टा में मनाया सुशासन दिवस, बीएमओ डॉ सुरेश माहोर , युवा सर्जन डॉक्टर भूपेंद्र परमार एवं डॉक्टर गंभीर पटेल ने सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। वहीं डॉ जीडी सोनी ने सभी को सुशासन दिवस पर दिलाई सत्य निष्ठा की शपथ,सिविल अस्पताल में सीमित संसाधनों में ऑपरेशन शुरू करने की उपलब्धि हासिल करने पर दो युवा डॉक्टर भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल का सेवानिवृत्त चिकित्सक अतुल उपाध्याय ने सम्मान किया। भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर को अवकाश के कारण मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया गया। शासन के निर्देश अनुसार सिविल अस्पताल आष्टा में आज सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर , डॉ भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने किया एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जीडी सोनी ने उपस्थित सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई । इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर एवं डॉ जीडी सोनी ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर हर वर्ष मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जाता है । इसी कड़ी में 25 दिसंबर को अवकाश होने के कारण शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आज सुशासन दिवस मनाया जा रहा है । हम सभी आज इस अवसर पर शपथ लेते हैं कि प्रदेश में सुशासन के उच्च मापदंडों को स्थापित करेंगे तथा प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के भी हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर डॉ जीडी सोनी ने उपस्थित सभी कर्मियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। सुशासन दिवस कार्यक्रम में आज सिविल अस्पताल आष्टा के नेत्र इकाई के प्रमुख सेवानिवृत डॉक्टर अतुल उपाध्याय में सिविल अस्पताल आष्टा के दो युवा सर्जन चिकित्सक भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने बीएमओ सुरेश माहोर के निर्देशन एवं उनके मार्गदर्शन में कई वर्षों के बाद सिविल अस्पताल आष्टा में ऑपरेशन थिएटर को सुव्यवस्थित कर ऑपरेशन के कार्य शुरू किये। अभी तक सिविल अस्पताल आष्टा में 10 ऑपरेशन ये दोनों युवा डॉक्टर कर चुके हैं । उक्त नई सौगात के रूप में दोनों युवा डॉक्टरों द्वारा सिविल अस्पताल आष्टा में ही ऑपरेशन शुरू किए जाने पर डॉक्टर अतुल उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल ने सिविल अस्पताल आष्टा में ऑपरेशन कार्य शुरू किए जाने को लेकर दोनों युवा डॉक्टर का स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल आष्टा के सभी चिकित्सक गण एवं स्वास्थ्य कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पलक पावड़े बिछाकर सड़क पर स्वागत करने के लिए हजारों की संख्या में आतुर रहे लोग

# मंत्री नारायणसिंह पंवार का गृह जिले में हुआ अभूतपूर्व स्वागत

## नागरिक अभिनंदन में हर वर्ग, समाज, धर्म और संगठनों ने किया सत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बुधवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार मंत्री बनने के बाद प्रथम बार नगर में आगमन किया। ब्यावरा पहुंचे पंवार जहां उनका लोगों ने एतिहासिक स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना मिलने के बाद सुबह से ही लोग उनके स्वागत करने की तैयारी में लग गए थे, जो देर शाम तक पलक पावड़े बिछाकर खड़े रहे। मंत्री जी के आने के बाद उनका गर्मजोशीके साथ स्वागत सत्कार किया गया। स्वागत जुलूस के दौरान कई ऐसे एतिहासिक पल भीदेखने को मिले जैसे जगह-जगह बुल्डोजर से पुष्प बरसाएं गए। श्रीफल, लड्डू, दूध आदि से पंवार को तोलकर स्वागत सत्कार किया। वहीं सीएम राइज के बच्चों कतारबद्वहोकर मंत्री का पुष्पों से स्वागत कर वंदन अभिनंदन किया।



### जिले की सीमा प्रारंभ होते ही शुरू हुआ अभूतपूर्व स्वागत

जिले की सीमा पीलूखेड़ी सेही मंत्री पंवार को स्वागत का सिलसिला चालू हो गया था, जो नेषनल हाईवेकुरावर, तीज बड़ली, देवगढ़, सिराना जोड, बोड़ा जोड़, नरसिंहगढ़, गादियास्कूल, आंदलहेड़ा जोड़, मोतीपुरा जोड़, सोनकच्छ जोड़, मलवार जोड़, बंगलाचैराहा, बारवां जोड़, बांईहेड़ा के स्वागत के बाद मंत्री पंवार अपरांह 3 बजे केलगभग हाईवे स्ट्रीट पहुंचे, जहां जिला पुलिस अधीक्षक धर्मराजसिंह मीणा, जिपंसीईओ तिग्रवाल ने गुलदस्ता भेंट किया। इसके बाद स्वागत जुलूस डीजे,ढोल-डमाकों, आतिषबाजी के साथ शुरू हुआ, लोगों ने पुष्पहार,पुष्पवर्षा, साफा बांधकर, साल ओड़ाकर स्वागत करना चालू कर दिया। वहींमंत्री श्री पंवार खुली जीप में सवार होकर जनता का अभिवादन स्वीकारते हुए चल रहेथे। स्वागत जुलूस में हजारों लोग शामिल रहे।

### शामिल हुए सांसद से लेकर पूर्व मंत्री, कांग्रेस के पूर्व विधायक ने किया स्वागत

इस दौरान सांसद रोड़मल नागर,राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व जिला पंचायतअध्यक्ष जषवंत गुर्जर आदि मौजूद थे। हर समाज, धर्म, वर्ग और कांग्रेसियों ने किया स्वागत परमधाम आश्रम पर हनुमान जी महाराज केदरबार में मत्था टेकने के बाद नगर प्रवेष से ही स्वागत कर क्रम चालू हो गया। बायपास से उनके निवास तक कदम कदम पर लोगों ने झंडे, बैनर लगाकर स्टाल लगाए हुए थे। स्वागत करने वालों में कांग्रेस के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी और उनके समर्थकों नेहारफूल मालाओं से स्वागत किया। जहां मंत्री ने अभिभूत होकर दांगी को गलेलगाकर अभिवादन किया। इसके पहले सीएम राइज स्कूल के बच्चों, मुल्तानपुरा क्षेत्र में पार्षदपूनम मेवाड़े मित्र मण्डल, ब्राह्मण समाज, अधिवक्ता संघ, सहायक सचिव एवं पंचायत सचिवसंघ, पटवारी संघ, मीणा समाज, मेड़तवाल समाज, जिला पंचायत सदस्य विष्वनाथ मित्र मण्डल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जषवंत गुर्जर मित्र मण्डल, नगर पालिका के सामने अध्यक्ष लीलादेवी कुषवाह, प्रतिनिधि पवन कुषवाह, सीएमओ रईस खान सहित नपा कर्मचारी, मुस्लिमसमाज, अल्पसंख्यक मोर्चा, बोहरा समाज, पूर्व नपाध्यक्ष संजय जगताप मित्र मण्डल के बादपीपल चैराहें पर साहू समाज, धोबी समाज, बुल्डोजर से पुष्पवर्षा कीगई। यहां पर युवा मोर्चा द्वारा श्रीफल से मंत्री श्री पंवार को तोला गया। चिंता हरणहनुमान मंदिर पर मंत्री पंवार को लड्डू से तोला गया। एसी पेट्रोल पंप पर महेश अग्रवाल मित्र मण्डल, पूर्व मण्डी अध्यक्ष मकलेष चैहान मित्र मण्डल सहित श्री पंवार का उनकेनिवास तक नागरिकों ने गर्मजोषी से अभिनंदन किया।बैनरों पोस्टरों से पटा नगरनगर के भोपाल बायपास से लेकर मंत्री निवास तक पूरा नगर बैनर, पोस्टरों से पाट दिया गया। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के अलावा सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनोंद्वारा बैनर, पोस्टर लगाए। सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, व्यापारी आदि अन्यद्वारा मंत्री के स्वागत में बैनर, पोस्टर लगाकर खुषी का इजहार किया।

लाखों रुपयों की लागत से बने शौचालयों में जड़ा ताला

# खुले में शौच करती महिलाओं ने खोली स्वच्छता अभियान की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

**स्वच्छता मिशन कागजों तक सीमित**

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भारत को स्वच्छ बनाने व खुले में शौच मुक्त करने के लिए स्वच्छता मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनवाये गये हैं तथा सुलभ काम्प्लेक्सो का निर्माण कराया गया है, लेकिन नगर परिषद की उदासीनता के चलते नगर में बनाये गये अधिकतर सुलभ काम्प्लेक्सो में ताला जड़ा हुआ है, जिस वजह से गरीब वर्ग की महिलाएं खुले में शौच करने को मजबूर हैं।

### जनप्रतिनिधियों का नहीं इस ओर कोई ध्यान

नगर के वार्ड क्रमांक 4 खंडी बावड़ी मार्ग पर बरसों से ऐसे हालात बने हुए हैं, बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों का अभी तक इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जावेगा तब तक स्थिति जो कि क्यों बनी रहेगी।



**इनका कहना है...**

हां, कुछ कम्प्लेक्सों में ताले लगे हैं। साफ सफाई के बाद खुलवाई जाएंगे। खाड़ी बावड़ी मार्ग के लिए भी कोई स्थाई हल निकालेंगे।

अशोक पांचाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिलचीपुर।

### मारपीट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**जीरापुर।** नगर की आवास कॉलोनी में 24 वर्षीय युवती और उसके परिजनों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवास कॉलोनी निवासी ज्योति पिता शिवलाल बागरी उम्र 24 साल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मोबाइल पर मैसेज भेजने का झूठा नाम लेने की बात को लेकर पड़ोस में ही रहने वाले आरोपी विशाल पिता रमेश चंद बागरी, देवी बाई पति रमेश चंद्र बागरी, मुकेश पिता ओंकार बागरी, ओंकार पिता लक्ष्मण बागरी, मनीष पिता रमेश चंद्र बागरी सभी निवासी आवास कॉलोनी इन्होंने मंगलवार की रात 10रू00 बजे के लगभग हमारे घर के सामने आकर गालियां दी और परिजन घनश्याम एवं पूजा के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,323, 506,34 आईपीसी में मामला दर्ज किया।

### विधायक दांगी के खिलाफ सोशल मीडिया पर कहे अपशब्द के विरोध में भाजपाइयों ने दिया ज्ञापन

**खिलचीपुर।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यवाही कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि 25 दिसंबर को सोशल मीडिया पर अनावेदक योगराज बना उर्फ चिंटू पिता शंकर लाल निवासी गुनाखेड़ी ने विधायक हजारीलाल दांगी का वीडियो एडिट कर गाली गलौज कर अपशब्दों का प्रयोग किया गया है एवं जब से विधायक हजारीलाल दांगी को टिकट मिला तब से ही अपशब्दों का प्रयोग करता आ रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

तीन उम्मीदवार मैदान में...

## ईवीएम से होगा सरपंच का चुनाव,16 पंच निर्विरोध, सरपंच का होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद पंचायत सारंगपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच के पद पूर्व में रिक्त थे। इस कारण उन रिक्त पदों पर चुनाव के लिए नामांकन फार्म जमा किए जिसमे 16 पांचों का चुनाव निर्विरोध हुआ। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार मनोज शर्मा ने बताया की पंच के निर्विरोध होने के बाद ग्राम पंचायत विग्नोदीपूरा में सरपंच के चुनाव के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं जिसके लिए चुनाव सम्पन्न होना है। जिसमे बसंती बाई का चुनाव चिन्ह चश्मा, प्रेम बाई का चुनाव चिन्ह कांच का ग्लास, श्याम बाई चुनाव चिन्ह फलों सहित नारियल का पेड़ है।

ग्राम पंचायत बिग्नोदीपुरा के सरपंच पद के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए हे जिसमें बिग्नोदीपुरा में एवं




खासपूरा में मतदान केंद्र बनाए गए है उन केंद्रों पर आईवीएम मशीन के माध्यम से सरपंच का चुनाव सम्पन्न होगा।

सीएमएचओ ने अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

## संभावित कोरोना महामारी को लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश में कोविड के नए वेरीएंट जेएन-1 से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस महामारी के पुनः जिले में फैलने की संभावना के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में कोरोना को लेकर आवष्यक व्यवस्थाएं जैसे फीवर क्लीनिक, आईसोलेषन वार्ड, सैंपलिंग एवं जांच हेतु वायरोलॉजी लैब के संचालन, ऑक्सीजन प्लांटों की स्थिति, ओपीडी में आने वाले संभावित कोरोना मरीजों का चिन्हांकन सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

इसी कड़ी में उक्त व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं प्रिपरेशन आदि के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक उपरान्त जिला अस्पताल में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा आवष्यक निर्देष प्रदान किए गए। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया, जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. आरएस माथुर, पैथोलॉजिस्ट डॉ. भदौरिया, अस्थि रोग विषेषज्ञ डॉ. माथुर, डॉ. आकांक्षा सहित लैब टैक्नीषियन, स्टोर प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हालत में कुएं में तैरते दिखाई पड़ी लाश सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची

**छापीहेड़ा।** छापीहेड़ा से नजदीक खजूरी रोड स्थित बालू काका त्रिवेदी जी के कुएं पर एक संदिग्ध व्यक्ति की लाश कुएं में पानी के ऊपर तैरते दिखाई पड़ी। जिसकी सूचना छापीहेड़ा थाना पुलिस को दी। तत्काल सब इंस्पेक्टर बब्बन ठाकुर सहायक निरीक्षक भेरूलाल दांगी सूचना संकुल विवेक पाटील तथा पुलिस जवान कमल महल तुरंत मौके पर पहुंचे वहां पर पंचनामा बनाकर लाश को बाहर निकालने का जखीरा एकत्रित कर अज्ञात व्यक्ति की लाश को कुवै से बाहर निकली गई जिसकी पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र छापीहेड़ा लेजाया गया। लाश की सिखन्नाक्थ कथित रूप की जब पुलिस द्वारा कुएं के आसपास छानबीन की तो बटुआ पर्स मिला जिसमें आधार कार्ड मिला जो नरेंद्र परमार पिता सुंदरलाल निवासी ग्राम कानड़ आगर मालवा के नाम से पहचान हुई इसके रिश्तेदार छापीहेड़ा में होना बताया गया। जिनको सूचना देकर बुलवाया गया और पंकज सेन ने पहचान की पुष्टि की तथा पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर जांच में लिया।

### खाटू श्याम भक्त खुजनेर से पैदल रवाना

**जीरापुर।** खाटू श्याम भक्त मंडल खुजनेर के द्वारा तृतीय वर्ष भी निकल जा रही पैदल यात्रा निकल जा रही है। जिसमें नगर के समीप ग्राम तबोलिया में खाटू श्याम भक्तों का भव्य स्वागत किया गया खाटू श्याम बाग खुजनेर में स्थित खाटू श्याम मंदिर समिति के सदस्य एवं रास्ते से छापीहेड़ा जीरापुर बकानी आदि से खाटू श्याम भक्त भी पैदल यात्रा में शामिल होंगे। ग्राम तंबोलिया में ठेकेदार लखन चैहान द्वारा पुष्प वर्षा एवं अल्पहार से स्वागत किया गया।

### नपा और पुलिस प्रशासन ने सार्वजनिक स्थल पर लगी चीकन शॉप को हटाया

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के दिये गये निर्देशों को पालन करते हुए बिना लायसेंस के एवं सार्वजनिक स्थान पर खुले में अंडा मांस मछली बिक्री करने वाले विक्रताओं को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्तानुसार कार्य के दौरान आगर रोड पर रेल्वे क्रासिंग के समीप एक व्यक्ति द्वारा खुले में चीकन शॉप लगाकर मुर्गो बेचते पाये जाने पर कार्यवाही कर अवैध सामग्री को जब्त किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की गई तथा नगर में विशेष अभियान चलाकर ऐसे दुकानदारों पर 31 दिसम्बर 2023 तक कार्यवाही की जावेगी। निकाय द्वारा इस संबंध में नगर में मुनादी में कराई जा रही है।



गिनीज बुक में रिकार्ड हुआ 1282 तबला वादकों का प्रयास

### तानसेन समारोह में राजगढ़ जिले से शामिल हुए 155 तबला वादक

**राजगढ़।** तानसेन जयंती पर 25 दिसंबर को ग्वालियर में आयोजित तानसेन संगीत समारोह में प्रदेश के 1282 तबला वादकों ने एक साथ तबला बजाकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया है। इन 1282 संगीत साधकों में राजगढ़ जिले से भी 155 वादक शामिल हुए। यह 155 तबला वादक नरसिंहगढ़ के शासकीय संगीत महाविद्यालय सहित राजगढ़ के अंतरा संगीत महाविद्यालय से जुड़े हैं। नरसिंहगढ़ संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील भट्ट एवं संगीत व्याख्याता दीपिका चैरासिया के नेतृत्व में इन सभी तबला वादकों ने ग्वालियर के कर्ण महल में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। व्याख्याता चैरासिया ने बताया कि इस समारोह में नरसिंहगढ़ संगीत महाविद्यालय से 127, ब्यावरा से 15 एवं राजगढ़ से 10 संगीत विद्यार्थी शामिल हुए। राजगढ़ से शामिल होने वाली संगीत विद्यार्थियों में अनंत चैरसिया, ऋषि, यष, विवेक, छगन, कपिल, राघव सहित अन्य शामिल थे।



### प्रधानमंत्री जनमन योजना संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद पंचायत मुंगावली एवं चंदेरी में प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत ईसागढ़ में अतिरिक्त मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एन.एस.नरवरिया की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जनमन योजना संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले के आदिवासी बाहुल्यी ग्रामों में केन्द्रन सरकार द्वारा संचालित विभिन्नं जनकल्यावणकारी योजनाओं का क्रियान्वमयन किया जाना है। उन्हों ने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारीगण एवं मैदानी अमले द्वारा सर्वे का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। साथ ही कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्हों ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का संबंधित ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंरने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अंतर्गत सड़कोंप का निर्माण,स्वासि्थ्य विभाग के अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट के संचालन,स्कूकल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहरिया बच्चों के छात्रावासों में प्रवेश,विद्युत विभाग के अंतर्गत विद्युतीकरण का कार्य,जलजीवन मिशन अंतर्गत पेयजल की उपलब्धंता हेतु किये जाने वाले कार्यो,महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत नवीन आंगनवाडी केन्द्रों का निर्माण कार्य,जनजाति विकास विभाग अंतर्गत बहुउपयोगी विकास कार्यो,अक्षय ऊर्जा के तहत सोलर लाईटिंग,मोबाईल टावर की उपलब्धनता,आयुष्मोन कार्ड,किसान सम्माटन निधि,किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योडति योजना, सुकन्याा समृद्धि योजना के संबंध में विस्तामर से जानकारी दी एवं आवश्यकक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक सहित मैदानी अमला उपस्थित था।

## पर्यटन क्षेत्र ग्राम प्राणपुर की बेटी नम्रता सोनी बनीं श्रम विभाग की अफसर

### बेटी बोली- मेरी जब भी जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा तत्पर रहूंगी मदद के लिए



**चंदेरी।** ऐतिहासिक एवं पर्यटन क्षेत्र ग्राम प्राणपुर की एक बेटी ने न सिर्फ परिवार के बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है। एमपीपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर चन्देरी तहसील के अंतर्गत प्राणपुर गांव की लड़की ने श्रम विभाग में अधिकारी बनकर नाम रोशन किया है। हथकरघा और चन्देरी साड़ियों के लिए मशहूर चन्देरी का छोटा सा कस्बा प्राणपुर अब एक और नाम से जाना जाएगा। इस छोटे से कस्बे से निकलकर यहां की बेटी नम्रता सोनी ने मप्र सिविल परीक्षा उत्तीर्ण कर श्रम अधिकारी बनी हैं। नम्रता की इस सफलता से न सिर्फ परिजन बल्कि पूरा प्राणपुर कस्बा गर्वान्वित महसूस कर रहा है। नम्रता ने प्रथम प्रयास में सफलता पाई है। प्राणपुर के रहने वाले दिनेश सोनी के घर और उत्सव से माहौल है। हो भी क्यों न इनकी बेटी में मप्र सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होकर नाम रोशन किया है। एक मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी की इस सफलता से जितनी नम्रता खुश है उससे कहीं अधिक परिजन और कस्बेवासी खुश हैं। नम्रता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही काफी होनहार रही है।

कस्बे के शासकीय स्कूल में कक्षा 5 तक पढ़ाई के बाद नम्रता ने चन्देरी कन्या विद्यालय से कक्षा 12 तक कि शिक्षा ग्रहण की। पिता के अनुसार नम्रता हमेशा अव्वल स्थान पर रही। उच्च शिक्षा के लिए पिता ने भोपाल कॉलेज में प्रवेश लिया। वहीं ओर नम्रता ने एमपीपीएससी की तैयारी की। नम्रता को शासकीय मदद भी प्राय हुई। एक मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी ने अपानी मेहनत और लगन से बीएससी में टॉप किया और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया। हालांकि नम्रता की इस सफलता के पीछे पिता का कठोर संघर्ष भी रहा। फेरी लगाने और परिवार पालने वाले नम्रता के पिता ने बच्चो के सपने परे करने में कोई कसर नही छोड़ी उन्होंने बच्चों को पढ़ने के लिए की जान से मेहनत की और गली-गली घूम कर साड़ियों का व्यवसाय किया। नम्रता के घर मे उसे प्राप्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं,सहित,अनेक गतिविधियो के अनेक प्रमाणपत्र व शील्ड उनकी मेहनत,लग्न और सफलता की कहानी कहते हैं।

ध्वजारोहण व मशाल प्रज्जवलित कर खेल प्रतियोगिता शुरू

## प्रोग्रेसिव हाइट्स में तीन दिवसीय स्पोर्ट मीट का शुभारंभ, विद्यार्थी दिखाएंगे अपना हुनर

**विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य टीमवर्क डेव्हलप करना उद्देश्य**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रोग्रेसिव हाइट्स विद्यालय में तीन दिवसीय स्पोर्ट मीट का शुभारंभ भव्यता के साथ किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस स्पोर्टस मीट में छात्र-छात्रा विभिन्न खेलों में अपने हुनर का प्रदर्शन करेगें। मीट का शुभारंभ पारंपरिक तौर पर दीप प्रज्वलित करने से किया गया। इसके उपरान्त चारों हाउस द्वारा मार्चफास्ट किया गया तथा हेड बॉय वह हेड गर्ल द्वारा शपथ दिलवाई गई व अतिथि द्वारा विद्यालय ध्वज का ध्वजारोहण कर मशाल प्रज्जवलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

### शामिल हुई नेशनल एथलीट और पर्वतारोही

इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में आशा मालवीय जी पधारी,जो कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के नटाराम गांव की एथलीट और पर्वतरोही है जो वर्तमान में महिला सशक्तिकरण का संदेश फैलाने और महिला सुरक्षा पर लोगों को शिक्षित करने के लिए पूरे देश में घूम रही है। अतिथि के रूप में आशा मालवीय जी ने एक प्रेरणादायक और ऊर्जावान भाषण दिया जिसमें सभी छात्र-छात्राएं को प्रेरित हुए और उन्हें सभी विद्यार्थियों को आत्मिक समृद्धि के सुझाव दिए।

### विद्यार्थियों ने नैतिक मूल्य, टीमवर्क और खेल के महत्व को समझा

विभिन्न प्रतियोगिता में सभी हाउस ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी क्षमताओं को संजीत किया। वह इसी के साथ आशा मालवीय के द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वह मेडल प्रदान किए गए और जीत के लिए एक दूसरे को प्रेरित किया। गया इस मीट के माध्यम से सभी विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य टीमवर्क और खेल के महत्व को समझा ,खेल के माध्यम से उनका समर्थन और सामाजिक सहयोग बढ़ा। कार्यक्रम के संचालन स्पोर्ट टीचर आमीन खान, नीता वह सभी शिक्षक गणों के निर्देशन में किया गया।